# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में नरेंद्र नगर शुरू हुई मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक

**बैठक**

8 इस दौरान अमित शाह का मुख्यमंत्री, मंत्री और पार्टी पदाधिकारियों ने स्वागत किया


**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उत्तराखंड के टिहरी जिले के नरेंद्र नगर स्थित होटल वेस्टिन में मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक शुरू हो गई है। इस बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर से धामी के अलावा संबंधित राज्यों के आला अधिकारी शामिल हुए हैं।
केंद्रीय गृह मंत्री शाह शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होने के लिए उत्तराखंड पहुंचे हैं। इस दौरान अमित शाह का मुख्यमंत्री, मंत्री और पार्टी पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इसके अलावा शाह देहरादून में दो अन्य कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। उनके आगमन को लेकर सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। इस परिषद में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य शामिल हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बैठक में शामिल होने के लिए शुक्रवार को ही उत्तराखंड पहुंच गए थे। जबकि चुनावी राज्य मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री अपनी व्यस्तता के चलते बैठक में शामिल नहीं पा रहे हैं। बैठक में उत्तराखंड धामी और उप्र के मुख्यमंत्री योगी के अलावा संबंधित राज्य के मुख्य सचिव, दो मंत्री और राज्य सरकार के नामित सलाहकार भाग लेते हैं। बैठक में 18 से अधिक एजेंडों के अलावा स्थानीय विषयों पर मंथन किया जाएगी। इनमें विशेष रूप से महिला शोषण, दून वैली अधिसूचना और मध्याह्न भोजन योजना में श्रीअन्न (मोटे अनाज) को मिड डे मील में शामिल करने, ग्रामीण क्षेत्र में बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत करने, इंटरनेट कनेक्टिविटी, पोस्को एक्ट के इम्लीमेंटेशन, स्पेशल फास्ट ट्रैक कोर्ट, फोरेंसिक लैब और सरकारी वकील की संख्या पर चर्चा होगी। इसके अलावा भोपाल में पिछले साल आयोजित बैठक में 18 एजेंडों की समीक्षा भी की जाएगी।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक के अलावा देहरादून में एफआरआई में आयोजित होने वाले दो दिवसीय ऑल इंडिया पुलिस साइंस कांग्रेस में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम स्थल के आसपास बिना अनुमति ड्रोन का संचालन प्रतिबंधित रहेगा। कार्यक्रम स्थल पर केवल अधिकृत व्यक्तियों व उनके वाहनों को ही जाने की अनुमति दी जाएगी।
इस कार्यक्रम के बाद गृह मंत्री अमित शाह बलबीर रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में शनिवार शाम से पार्टी पदाधिकारी के साथ बैठक करेंगे।
इसमें पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों, सभी मोर्चों के अध्यक्षों प्रदेश की सोशल मीडिया एवं आईटी के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ मीडिया विभाग के पदाधिकारी शामिल होंगे।

# चारधाम में दर्शन करने वालों की संख्या 60 लाख को पार कर सकती है: महाराज

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि मानसून समाप्त होने के पश्चात एक बार फिर से चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थ यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। पिछले सभी रिकार्ड ध्वस्त करते हुए अभी तक हेमकुंड सहित चारधाम आने वाले तीर्थयात्रियों का आंकड़ा 47 लाख से ऊपर पहुंच गया है। चार धामों में यात्रियों के पंजीकरण की यदि हम बात करें तो उससे लगता है कि दर्शन करने वाले इस बार श्रद्धालुओं की संख्या 60 लाख के आंकड़े को पार कर सकती है।



शनिवार को सतपाल महाराज ने देहरादून में कहा है कि चारधाम यात्रा निर्बाध गति से चल रही है, बड़ी संख्या में श्रद्धालु तीर्थ स्थलों के दर्शनों को उत्तराखंड आ रहे हैं। पिछले सभी रिकार्ड ध्वस्त करते हुए अभी तक चारधाम बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री और हेमकुंड आने वाले तीर्थयात्रियों का आंकड़ा 47 लाख से ऊपर पहुंच गया है। इतना ही नहीं 16 फरवरी 2023 से शुरू हुई जीएमवीएन गेस्ट हाउसों की बुकिंग का आंकड़ा अब 26 करोड़ 68 लाख 36 हजार 943 रुपये तक पहुंच गया है।उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्पष्ट है कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या इस बार 60 लाख को पार कर सकती है।
उन्होंने कहा कि 18 फरवरी 2023 से प्रारम्भ हुए चारधाम एवं हेमकुण्ड यात्रियों के पंजीकरण के तहत अभी तक 6977863 (उनहत्तर लाख सतहत्तर हजार आठ सौ तिरेसठ) यात्री अपना पंजीकरण करवा चुके हैं।
विभिन्न धामों में यात्रियों के पंजीकरण की यदि हम बात करें तो अभी तक केदारनाथ के लिए 23 लाख 92 हजार 541, बद्रीनाथ के लिए 20 लाख 88 हजार 512, गंगोत्री के लिए 11 लाख 63 तिरेसठ हजार 246, यमुनोत्री के लिए 10 लाख 73 हजार 94 एवं हेमकुण्ड के लिए 2 लाख 60 हजार 470 यात्री पंजीकरण करवा चुके हैं।

**न्यूज फ्लैश**

## उप्र के मुख्यमंत्री योगी को ऋषिकेश मेयर ममगांई ने भेंट की उड़द की दाल के पकौड़े और तिल की चटनी

**– मेयर ने महंत योगी आदित्यनाथ को दिया संत और योग नगरी ऋषिकेश आने का न्यौता**



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
पारंपरिक व्यंजन हमेशा ही अपनेपन का अहसास कराते हैं। इसी अपनेपन को खास बनाने के लिए ऋषिकेश की मेयर अनीता ममगांई ने उत्तराखंड के दौरे पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने जब बीजापुर गेस्ट हाउस पहुंचीं तो महंत योगी आदित्यनाथ के लिए घर में बने उड़द की दाल के पकौड़े और तिल की चटनी भेंट की। पहाड़ी व्यंजन की भेंट पाकर योगी आदित्यनाथ काफी खुश नजर आए।
शनिवार को मेयर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कहा कि हमारे यहां उड़द की दाल के पकौड़ों को काफी शुभ माना जाता है। इस पर योगी आदित्यनाथ ने भी पूजा में उड़द की दाल के पकौड़े चढ़ाए जाने की बात कही। रिंगाल की टोकरी में पत्तों में बंधे इस खास तोहफे ने सभी का ध्यान खींचा।
इस मुलाकात के दौरान मेयर अनीता ममगांई ने यूपी के सीएम महंत योगी आदित्यनाथ को संत और योग नगरी ऋषिकेश आने का न्यौता दिया। योगी आदित्यनाथ ने साल 1989 में ऋषिकेश के श्री भरत मंदिर इंटर कालेज से 12वीं की परीक्षा पास की थी।

## 100वें पदक के लिए मुख्यमंत्री धामी ने की महिला खिलाड़ियों की सराहना

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नारी शक्ति के खेल में देश को 100वां पदक दिलाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।
मुख्यमंत्री धामी ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट करके कहा कि एशियन गेम्स में भारतीय महिला कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित कर इतिहास रच दिया है। मुख्यमंत्री ने अपने अभूतपूर्व खेल कौशल से देश का मान बढ़ाने के लिए महिला खिलाड़ियों की सराहना की है।
उन्होंने विश्व रंग मंच पर खेल की दिशा में खिलाड़ियों के किये योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इससे पहले इतने खेल पदक भारत की झोली में नहीं आए थे। यह पदक हम सबके लिए गर्व भी विषय है।

## उत्तराखंड के बदरीनाथ हाइवे पर खाई में गिर कर टैक्सी चालक की मौत

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
बदरीनाथ हाइवे पर चमोली से आगे क्षेत्रपाल के पास शनिवार को एक युवक की लगभग 35 फीट नीचे गहरी खाई में गिरने से मौत हो गई। वह वाहन चालक लुधियाना, पंजाब का बताया गया है।
वर्चुअल थाना के अनुसार शैलेंद्र भट्ट यात्रियों अपनी टैक्सी से लेकर बदरीनाथ जा रहा था कि हाइवे पर क्षेत्रपाल नामक स्थान पर वह पुल से नीचे रास्ते में फ्रेश होने के लिए बाहर निकल कर सड़क के नीचे साइड पर गया और अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा, जिससे उसकी मौत हो गई।
मृतक की शिनाख्त शांति विहार लुधियाना, पंजाब निवासी 45 वर्षीय शैलेंद्र भट्ट के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर चमोली पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है।



## गोर्खा दशै दिवाली महोत्सव 3 से 5 नवंबर तक

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
वीर गोर्खा कल्याण समिति देहरादून तीन दिवसीय गोर्खा दशै दिवाली महोत्सव 2023 का आयोजन महेंद्र ग्राउंड, गढ़ी कैंट देहरादून में करने जा रही है। यह कार्यक्रम 3 से 5 नवंबर तक चलेगा। इसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।
यह जानकारी शनिवार को वीर गोरख कल्याण समिति की हुई बैठक में दी गई, जिसमें वीर गोरख कल्याण समिति के अध्यक्ष कमल थापा ने सदस्यों से कहा कि इस बार हम गोर्खा दशै दिवाली महोत्सव 2023 का आयोजन 3 से 5 नवंबर को करने जा रहे हैं। इस आयोजन में पिछले साल से बेहतर तैयारी की जा रही हैं और उत्तराखंड के लोगों को हर वर्ष की भांति इस साल भी गढ़वाली, कुमाऊनी एवं नेपाली संस्कृति की सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी। यहां पर विभिन्न प्रकार के स्टॉल्स लगाए जाएंगे, जिसमें देहरादून के लोग विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं और दिवाली की खरीदारी भी कर सकते हैं।
इस बैठक में वीर गोर्खा कल्याण समिति के संरक्षक ई. मेघ बहादुर थापा, संरक्षक मेजर बीपी थापा, समिति के अध्यक्ष कमल थापा , वरिष्ठ उपाध्यक्ष उर्मिला तामांग ,उपाध्यक्ष सूर्य बिक्रम शाही, महासचिव विशाल थापा, कोषाध्यक्ष टेकु थापा, सचिव-देविन शाही,सह सचिव आशु थापा, संगठनमंत्री लोकेश बन सोनु गुरूगं, सोना शाही , एन बी थापा, बुद्धेश राई, कर्मिता थापा, मीन गुरगं , बबिता गुरंग, जोती राना,दिल कुमारी शाही और यामु राना शामिल थे।




## नि :शुल्क नेत्र और शारीरिक परीक्षण शिविर में सौ लोगों ने कराया परीक्षण

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
वरिष्ठ नागरिक कल्याण संगठन के निशुल्क नेत्र एवं शारीरिक परीक्षण शिविर के दौरान 100 लोगों का परीक्षण किया गया।
शनिवार को ऋषिकेश हरिद्वार मार्ग पर स्थित जीवनी में धर्मशाला में संगठन के अध्यक्ष पीके जैन की अध्यक्षता और महामंत्री एसपी अग्रवाल के संचालन में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान विज्ञान संस्थान एम्स के फिजिशियन डाक्टर कृतार्थ कश्यप, डाक्टर निखिल चौधरी और आंखों के डाक्टर नंदू प्रकाश, डाक्टर सिद्धांत मुद्गल, डाक्टर अशोक चौधरी और डाक्टर राखी पंवार ने मरीजों की जांच की। संगठन के सदस्यों और अन्य लोगों ने इस कैंप में 100 लोगों ने अपने स्वास्थ्य एवं आंखों की निशुल्क जांच करवायी। इस दौरान संगठन के अध्यक्ष प्रमोद जैन, महासचिव एसपी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रदीप जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक रस्तोगी, डी. के. मुद्गल, अरविंद जैन,संरक्षक डा.हरीश धींगरा, आलोक शर्मा, हर चरण सिंह आदि उपस्थित रहे।



## दिचली वार्ड के उप चुनाव में माधुरी ने 391 मतों से हुई विजय

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
चिन्यालीसौड़ ब्लाक के दिचली वार्ड जिला पंचायत सदस्य के उप चुनाव में माधुरी देवी 391 मतों के अंतर से विजयी हुई हैं।
जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला एवं मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार के पर्यवेक्षण में राजकीय इंटर कॉलेज चिन्यालीसौड़ में बनाए गए मतगणना केंद्र में सम्पन्न मतगणना में माधुरी देवी को 1529 वोट तथा पंकज कुमार को 1138 वोट प्राप्त हुए। मतगणना होने के बाद रिटर्निंग अधिकारी जेपी तिवारी ने विजयी प्रत्याशी माधुरी देवी को प्रमाणपत्र प्रदान किया।

## रंजिश में की गई हत्या का आरोपी गिरफ्तार



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
बीती शाम रानीपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बैरियर नंबर 6 पर आपसी झगड़े में की गई हत्या के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।
रानीपुर कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि आपसी रंजिश के चलते हुए झगड़े में सुनील तोमर नाम के युवक ने जमालपुर खुर्द गांव के निवासी नवाब उर्फ भूरा को चाकू घोंप दिया था।
अस्पताल ले जाते समय नवाब की मौत हो गई थी।
मृतक युवक के भाई की तहरीर पर आरोपित सुनील तोमर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।
आपसी रंजिश के चलते दोनों में विवाद हुआ था, घटना में प्रयुक्त चाकू पुलिस ने बरामद कर लिया है। रानीपुर पुलिस ने बताया कि आरोपित सुनील तोमर पुत्र पाल्लू तोमर मुजफ्फरनगर को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

## उर्गम-भर्की मोटर मार्ग पर वाहन दुर्घटनाग्रस्त एक की मौत

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के जोशीमठ विकास खंड के उर्गम घाटी के उर्गम भर्की मोटर मार्ग पर एक टाटा सूमो अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी, जिससे उसमें सवार तीन लोगों में से एक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गये हैं। घायलों को उपचार के लिए हायर सेंटर ले जाया गया है। घटना की सूचना मिलने पर एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचे कर घायल और मृतक को रेस्क्यू किया।




एसडीआरएफ के अनुसार शनिवार को उर्गम-भर्की मोटर मार्ग पर टाटा सूमो संख्या यूके 07टीबी 0248 अनियंत्रित होकर 50 मीटर नीचे खाई में जा गिरी। इससे उसमें सवार चाई निवासी 28 वर्षीय रितेश चौहान की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि देवर खडोरा निवासी 38 वर्षीय जयबीर सिंह बिष्ट, कुजों मैकोट निवासी 35 वर्षीय विक्रम सिंह घायल हो गये है। दोनों घायलों को उपचार के लिए हायर सेंटर भेजा गया है। मृतक को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय गोपेश्वर लाया गया है।

## अखिल भारतीय पुलिस साइंस कांग्रेस देहरादून स्थित पुलिस मुख्यालय में शुरू

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड की राजधानी स्थित पुलिस मुख्यालय में 49वीं अखिल भारतीय पुलिस साइंस कांग्रेस के प्रथम सत्र 5जी युग में पुलिस व्यवस्था के अन्तर्गत हुई चर्चा का प्रारंभ अपर पुलिस महानिदेशक, उत्तरप्रदेश राजा श्रीवास्तव ने किया। हालांकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस संगोष्ठी के अधिकारियों को एफआरआई में संबोधित करेंगे।
देहरादून पुलिस मुख्यालय में शनिवार को प्रारंभ हुई इस संगोष्ठी के अंतर्गत अपर पुलिस महानिदेशक, उत्तरप्रदेश राजा श्रीवास्तव ने बताया कि भ्रष्टाचार विरोधी जांचों में एआई के उपयोग से क्रान्तिकारी बदलाव आए हैं। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीक का उपयोग कर अल्प समय में डेटा का विश्लेषण कर जांचों को समय से किया जा सकता है। अपराधियों का डिजिटल बिहेवियर रिपोर्ट जांच में काफी मदद देती है। वर्तमान समय में कई जांचों में फाइनेंशियल, बिहेवियर एनालिसिस का प्रयोग कर अच्छे रिजल्ट मिले हैं, जो साक्ष्यों को न्यायालय में मजबूत आधार प्रदान करते हैं। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि कानून प्रवर्तन एजेन्सियों एवं अन्य विभागों के बीच डेटा शेयरिंग भी काफी महत्वपूर्ण है।



साइबर सुरक्षा में जानी अनजानी धमकियों पर संयुक्त निदेशक सूचना ब्यूरो ने प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आईपी कैमरों का उपयोग हो रहा है। आईपी कैमरों के नेटवर्क को सुरक्षित करना महत्वपूर्ण पहलू है।
संयुक्त कमिश्नर, दिल्ली बीएस जायसवाल ने पुलिस ने जिओ स्पटाइल तकनीक और बिग डाटा एनालिसिस के आधार पर प्रभावी सीमा प्रबन्धन पर प्रकाश डाला।

## योगी व धामी मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होने के लिए पहुंचे नरेंद्र नगर

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होने के लिए शनिवार को नरेंद्र नगर पहुंच गए हैं।यह बैठक टिहरी जिले के नरेंद्र नगर स्थित होटल वेस्टिन में गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित हो रही है। परिषद में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य शामिल हैं।
योगी आदित्यनाथ और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून से नरेंद्र नगर वेस्टिन हेलीपैड पर उतरे। कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की ओर से स्वागत किया गया।
इस मौके पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर, जिला पंचायत अध्यक्ष टिहरी गढ़वाल सोना सजवाण, विधायक टिहरी किशोर उपाध्याय, धनोल्टी प्रीतम सिंह पंवार, घनसाली शक्तिलाल शाह, देवप्रयाग विनोद कंडारी, जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश नोटियाल, मेयर ऋषिकेश अनिता ममगांई, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र नगर राजेंद्र विक्रम सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



